Title: Demand to grant the Central University status to the Guru Ghasidas University and open a Medical College at Bilaspur.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : महोदय, नये छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर जिले के गुरु घासीदास विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनाने की स्वीकृति प्रदान की जाए। बिलासपुर जिला गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में अनेक प्रकार की पढ़ाई चल रही है - जैसे बॉयो टैक्नोलॉजी, औद्योगिक टैक्नोलॉजी, बीएड, एमएड, कम्प्यूटर, मेडिकल कॉलेज आदि चल रहे हैं। बिलासपुर शहर में रेलवे जौन का मुख्यालय है। नया हाई कोर्ट मुख्यालय, दगोरी में स्पंज कारखाना, अकलतरा सीमेंट का कारखाना, एसीसीएल, कोयले का और कमिश्नर का मुख्यालय है। कोरबा में विद्युत तापगृह, नये छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर राजधानी में बिलासपुर दूसरे नम्बर का शहर है। यह क्षेत्र अनुसूचित जाति एवं जनजाति बाहुल्य है।

अत: केन्द्र सरकार से मांग है कि उक्त परिस्थितियों को देखते हुए गुरु घादीदास विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनाने की और बिलासपुर में मेडीकल कॉलेज खोलने की स्वीकृति प्रदान की जाए।